न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :– श्री अनिल कुमार, आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या – 07/2024

उनवान

वादी

1. दीपसिंह पुत्र हरचन्दसिंह जाति राजपुत निवासी बगते की बेरी तहसील रामसर।

प्रतिवादी

1. चुतरसिंह पुत्र हरचन्दसिंह
2. प्रहलादसिंह पुत्र हीरसिंह
3. मनोहरसिंह पुत्र हीरसिंह
4. गोकलसिंह पुत्र हीरसिंह
5. राजेन्द्रसिंह पुत्र गुमानसिंह
6. जितेन्द्रसिंह पुत्र गुमानसिंह
7. निर्मलाकंवर पुत्री गुमानसिंह
8. अनिताकंवर पुत्री गुमानसिंह
9. श्रीमती लीलाकंवर पत्नि गुमानसिंह
10. श्रीमती वालुकंवर पुत्री हीरसिंह पत्नि सुखसिंह
11. श्रीमती स्वरूपकंवर पत्नि हीरसिंह जाति राजपुत निवासी बगते की बेरी तहसील रामसर।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88,53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 2024/07 दिनांक :– 24.01.2025

निर्णय

संक्षेप मे वाद के तथ्य इस प्रकार है कि मौजा लीलनगर पटवार मण्डल भाचभर तहसील रामसर के खसरा संख्या 217/11 रकबा 85 बीघा 12 बिस्वा, मौजा बगते की बेरी पटवार मण्डल भाचभर के खसरा संख्या 334/62 रकबा 41 बीघा 19 बिस्वा तथा खसरा संख्या 497/12 रकबा 16 बिस्वा वादी एवं प्रतिवादीगण संयुक्त खातेदारी भूमि आयी हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादीगण के हिस्से खुले हुये है तथा मौखिक वंटवाड़ा अनुसार कब्जा काश्त करते आ रहे है तथा उसी अनुसार प्रतिवादीगण काविज है। वादग्रस्त आराजी में वाई मीटीस एण्ड बाउण्डस विभाजन करने हेतु यह वाद दिनांक 11.03.2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत किया।

वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार रामसर से विभाजन प्रस्ताव चाहा गया। तहसीलदार रामसर के पत्रांक राजस्व/2025/152 दिनांक 22.01.2025 द्वारा विभाजन प्रस्ताव प्राप्त।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। बहस सुनी गई। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात तथा संलग्न विभाजन के प्रस्ताव के आधार पर वादी का वाद स्वीकार किया जाकर मौजा लीलनगर पटवार मण्डल भाचभर तहसील रामसर के खसरा संख्या 217/11 रकबा 85 बीघा 12 बिस्वा भूमि में संलग्न तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित विभाजन प्रस्ताव एवं नक्शा अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण के हिस्से की भूमि को निम्नानुसार वाई मिटस एण्ड बाउण्ड विभाजित किया जाता है। वादी द्वारा चाहा गया विभाजन अन्य खसरो हेतु वाद से हटाने हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार किया गया।

क्र. स.	खातेदार	खसरा संख्या	रकबा हेक्टेयर	किस्म	बरंग
1	चतरसिंह पुत्र हरचन्दसिंह कौम राजपुत सा. देह खातेदार	217/11 217/11	3.6949 0.8094	बा.सो.	पीला
2	दीपसिंह पुत्र हरचन्दसिंह कौम राजपुत सा.देह खातेदार	217/11 217/11	3.0851 1.4192	लाल	लाल
3	प्रहलादसिंह 1/7, गोकलसिंह 1/7 मनोहरसिंह 1/7 बालु[illegible] 1/7 सुगनीकंवर 1/7 पुत्रान हीरसिंह, स्वरूप[illegible] 1/7 राजेन्द्रसिंह 1/35, जितेन्द्रसिंह 1/35, अनिता कंवर 1/35 निर्मल कंवर 1/35 पुत्रान गुमानसिंह लीलाकंवर पत्नि गुमानसिंह 1/35 कौम राजपुत सा. देह खातेदार रहन प्रहलादसिंह व स्वरूपकंवर का हिस्सा एसबीआई रामसर	217/11	4.5043	बा.सो.	गुलाबी

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2025.01.28 12:45:32 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
रामसर